DR. A.P.J. ABDUL KALAM TECHNICAL UNIVERSITY UTTAR PRADESH
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश
Sector- 11, Jankipuram Vistar Yojna , Sitapur Road, Lucknow (U.P.) 226031
E-Mail: deanugseoffice@aktu.ac.in, dean.ugse@aktu.ac.in

पत्रांक : ए0के0टी0यू0 / डीन यू0जी0 / 2022 / 620 दिनाँक: सितम्बर 09, 2022

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उ0प्र0 लखनऊ से सम्बद्ध
बी0टेक0 पाठ्यक्रम संचालित करने वाले समस्त संस्थान।

विषय: **सत्र 2022–23 से बी0टेक0 पाठ्यक्रम में प्रवेशित छात्रों को अपनी मूल विधा / शाखा (Major Degree) के साथ–साथ विभिन्न विधाओं (Emerging/Multidisciplinary Areas) में माइनर डिग्री (Minor Degree) का भी विकल्प प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

अवगत कराना है कि तकनीकी शिक्षा को अधिक रोजगारपरक बनाने एवं उसमें छात्रों की अभिरूचियों को अधिक स्थान देने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय की विद्यापरिषद् द्वारा, दिनॉक 26 अगस्त, 2022 को सम्पन्न हुई बैठक में सत्र 2022–23 से बी0 टेक0 पाठ्यक्रम में प्रवेशित छात्रों को अपनी मूल विधा / शाखा (Major Degree) के साथ–साथ निम्नानुसार विभिन्न Emerging/Multidisciplinary Areas में माइनर डिग्री (Minor Degree) का भी विकल्प प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है।

S. No.	Name of Minor Degree	Streams/Branches of B.Tech. Program whose students are eligible to opt for the Minor degree
1.	Artificial Intelligence and Machine Learning	ALL Branches **except** CSE and EC related branches
2.	Data Science	ALL Branches **except** CSE and EC related branches
3.	Internet of Things	ALL Branches **except** CSE and EC related branches
4.	Green Technology and Sustainability Engineering	ALL Branches **except** Civil and Chemical related branches
5.	Waste Technology	ALL Branches **except** Chemical Engg related branches
6.	Energy Engineering	ALL Branches **except** Mechanical Engg
7.	Robotics	ALL Branches **except** Mechanical, Electronics and Electrical Engineering related branches
8.	Electric Vehicles	ALL Branches **except** Mechanical and Electrical Engg related branches
9.	Universal Human Values	ALL branches
10.	Project Management	ALL branches

<u>माइनर डिग्री (Minor Degree) से संबंधित मूल विन्दु :</u>

[A] प्रत्येक (Minor Degree) पाठ्यक्रम 05 विषयों [18–20 Credits] का एक Track होगा, जिसे चतुर्थ से अष्टम सेमेस्टर तक सामान्यतया एक अतिरिक्त विषय प्रति सेमेस्टर के रूप में संचालित किया जायेगा।

[B] बी0टेक0 की किसी विधा/शाखा में अध्ययन करने वाले छात्र, अपनी अभिरूचि के अनुसार अपने मूल विधा/शाखा (Major Degree) से अलग विधा/शाखा से संबंधित किसी एक Minor Degree, जिसके लिये वह अर्ह हो, का चयन कर सकेंगे।

[C] माइनर डिग्री (Minor Degree) का चयन करने का विकल्प, छात्रों को प्रथम वर्ष (प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर) पूर्ण करने के उपरान्त तृतीय सेमेस्टर के दौरान अथवा चतुर्थ सेमेस्टर के रजिस्ट्रेशन के समय उपलब्ध होगा।

[D] छात्रों को माइनर डिग्री (Minor Degree) हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम को अपनी मूल विधा/शाखा (Major Degree) हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम के साथ पूर्ण करना अनिवार्य होगा।

[E] यदि कोई छात्र, जो माइनर डिग्री के विकल्प का चयन करता है और कतिपय कारणवश माइनर डिग्री हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम को पूर्ण नहीं कर पाता है, तो भी उसके मूल विधा/शाखा की बी0टेक0 डिग्री (Major Degree) प्राप्त करने की अर्हता पर कोई प्रभाव नहीं पडेगा। ऐसे छात्रों द्वारा माइनर डिग्री के पूर्ण किये गये विषयों को छात्र के मूल विधा/शाखा की डिग्री (Major Degree) की अंकतालिका में अतिरिक्त विषय /क्रेडिट के रूप में दर्ज किया जाएगा जिससे उस छात्र को अपने योगदान का समुचित लाभ मिल सके।

[F] **<u>माइनर डिग्री का प्रमाण पत्र पर अंकन:</u>** माइनर डिग्री पूर्ण करने वाले छात्रों की डिग्री पर मूल विधा/शाखा (Major Degree) के साथ–साथ माइनर डिग्री (Minor Degree) का भी उल्लेख होगा।
उदाहरण के तौर पर यदि कोई छात्र सत्र 2022–23 में बी0टेक0 के Mechanical Engg. विधा/शाखा (Major Degree) में प्रवेश लेता है और वह प्रथम वर्ष पूर्ण होने के उपरान्त Data Science में Minor Degree के विकल्प का चयन करता है एवं तद्नुसार माइनर डिग्री (Minor Degree) हेतु निर्धारित समस्त बिषयों को बी0टेक0 (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम के साथ–साथ सफलता पूर्वक पूर्ण करता है तो उसे निम्न डिग्री प्रदान की जायेगी।

B.Tech in **Mechanical Engineering** with **Minor Degree** in **Data Science**

[G] माइनर डिग्री के संबंध में विस्तृत विवरण को समाहित करते हुए संशोधित आर्डिनेन्स शीघ्र ही जारी किया जा रहा है।

कृपया उपरोक्त से अवगत होते हुए अपने संस्थान के विभिन्न विभागों/अधिकारियों/संकाय सदस्यों तथा प्रवेश के लिये सम्पर्क में आने वाले इच्छुक छात्र/छात्राओं को भी उक्त व्यवस्था से अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय
09/09/2022
(प्रो0 गिरीश चन्द्रा)
डीन, यू0जी0

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रति कुलपति, ए0के0टी0यू0 लखनऊ।
2. समस्त डीन, /परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0 लखनऊ।
3. कुलसचिव, ए0के0टी0यू0 लखनऊ।
4. इंचार्ज, ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, मा0 कुलपति कार्यालय, ए0के0टी0यू0 लखनऊ।

(प्रो0 गिरीश चन्द्रा)